हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 9 सितम्बर, 2020/18 भाद्रपद, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 16

विद्युत कनैक्शन

1082 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक विद्युत मण्डल रोहड़ू के अन्तर्गत लोहे के कितने खम्भे क्रय किए गए व यह कहां-कहां स्थापित किए गए; क्या इन खम्भों पर तारें बिछा दी गई हैं; यदि नहीं, तो कारण?

(ख) कांसाकोटी 22 के0वी0 कंट्रोल प्वाइंट की अद्यतन स्थिति क्या है; इसका कार्य कब तक पूर्ण होगा और यह कब तक कार्य करना शुरू करेगा; इसके अतिरिक्त और कितने स्वीचयार्ड का कार्य चला हुआ है; ब्यौरा दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में रोहड़ू डिवीजन में कितने नये domestic व commercial connection दिए गए और कितने नये ट्रांसफार्मर कहां-कहां लगाए गए; ब्यौरा दें; स्टोर में कितने ट्रांसफार्मर किस-किस वॉट के उपलब्ध हैं; यदि उपलब्ध नहीं हैं, तो कारण?

निर्माणाधीन सड़कें

1083 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि रोहड़ू, डोडरा-क्वार मण्डल के अन्तर्गत NABARD और PMGSY में निर्माणाधीन सड़कों का कार्य बंद पड़ा है; यदि हां, तो कारण तथा इनका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा व विभाग द्वारा दोषी ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(ख) गत तीन वर्षों से बिना धनराशि स्वीकृत किए कितने डंगे लगे व कितनी नई सड़कें बनी हैं; जो कार्य विभाग की सहमति से हुए हैं उनको नियमित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

रिक्तियां/बसों का ब्यौरा

1084 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत परिवहन निगम के रोहड़ू डिपो में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस डिपो में कितनी नई बसें आई और कितनी पुरानी बसें बन्द पड़ी हैं; कितनी बसें चलने की स्थिति में हैं तथा कितनी बसों की कमी है; ब्यौरा दें; बसों की कमी के कारण कितने रूट प्रभावित हुए हैं; पूर्ण ब्यौरा दें?

निजी बैंकों में जमा धनराशि

1085 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में विभागों और निगमों की कितनी धनराशि निजी बैंकों में जमा है; ब्यौरा निजी बैंकों के नाम, जमा धनराशि, विभाग व निगमवार दें; और

(ख) सरकारी धन को जमा करते समय सरकारी बैंकों को वरीयता दी जाती है; यदि नहीं, तो क्या सरकार सरकारी बैंकों को वरीयता देने का विचार रखती है?

हॉर्टिकल्चर मिशन

1086 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में हॉर्टिकल्चर मिशन के अन्तर्गत निचले क्षेत्रों में आम व अन्य सिट्रस फ्रूट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने क्या पग उठाए हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

रज्जू मार्ग

1087 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी शक्तिपीठ हेतु प्रस्तावित रज्जू मार्ग का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

पौधारोपण

1088 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष में दिनांक 31.07.2020 तक वन विभाग द्वारा प्रदेश में पौधारोपण का कितना लक्ष्य निर्धारित है; कितना पूर्ण कर लिया गया है व इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) पशुओं द्वारा एवं अन्य कारणों से पौधों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार क्या पग उठा रही है; इस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा जिलावार दें?

विधायक व सांसद निधि का ब्यौरा

1089 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक और सांसद निधि का ब्यौरा कार्यवार एवं मदवार दें?

Sanctioning of Funds

1090 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.07.2020, how much amount has been sanctioned under various schemes in Sub-Divisional Soil Conservation Office, Paonta for Shillai and Paonta Blocks; name of the scheme, beneficiary and the details of amount sanctioned be given; and

(b) what is the latest position of these schemes and by when these will be completed?

Loss of Revenue

1091 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 6 months upto 31.07.2020, how much loss of revenue has been suffered by the various departments of State ;

(b) what was the estimated target for revenue collection and how much is the short-fall; how this gap will be fulfilled; and

(c) details of revenue collection during the last Financial Year 2019-20 be given month-wise?

आंगनवाड़ी केन्द्र

1092 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनवाड़ी केन्द्र व उप-केन्द्र कार्यरत हैं जिनके भवन बनाने प्रस्तावित हैं या बनकर तैयार हो चुके हैं; ब्यौरा नामवार दें; और

(ख) कितने आंगनवाड़ी केन्द्रों की धनराशि विकास खंड संगड़ाह के पास जमा है तथा किस कारणवश यह धनराशि व्यय नहीं की गई; ब्यौरा दें?

अप्रयुक्त धनराशि

1093 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विकास खंड संगड़ाह के अन्तर्गत किस-किस मद की धनराशि व्यय नहीं की गई है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

व्यय धनराशि

1094 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला प्रशासन ऊना ने कोरोना महामारी से निपटने हेतु कितनी धनराशि व्यय की है;

(ख) जिला प्रशासन को दान के माध्यम से कौन-कौन सी वस्तुएं प्राप्त हुई हैं; दानकर्ताओं के नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ग) जिला ऊना में कितने संस्थागत क्वारन्टाइन केन्द्र बनाए गए हैं व इन केन्द्रों पर कितनी धनराशि कहाँ-कहाँ व्यय की गई; ब्यौरा दें?

मल निकासी योजनाएं

1095 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी मल निकासी योजनाएं (Sewerage schemes) चल रही हैं व कितनी नई प्रस्तावित हैं तथा प्रस्तावित योजनाएं कब तक आरम्भ कर दी जाएंगी?

खुदरा दरख्तान मलकीयत सरकार

1096 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) खुदरा दरख्तान मलकीयत सरकार के अन्तर्गत कितनी भूमि सरकार के पास दर्ज़ है; और

(ख) क्या सरकार भूमि मालिकों को पूर्ण अधिकार देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

विभाजन के मामले

1097 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों से दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में तहसील व उप-तहसील स्तर पर विभाजन (Partition) के कुल कितने मामले लम्बित हैं; तहसील व उप-तहसीलवार ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 24 अगस्त, 2020. **सचिव।**